# बोर्ड प्रश्न-पत्र 2016

**प्रश्न 1. दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

1. संस्कृति की प्रवृत्ति ............ देने वाली होती है। (महाफल/अल्पफल)
2. फागुन के दिनों में ............ उड़ाते हैं। (रंग-गुलाल/पतंग)
3. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने लिए ............ सिद्धांत या आदर्श निश्चित किए। (चार/तीन)
4. जिसका चरण निरंतर ............ धो रहा है। (रमेश/रत्नेश)
5. कहानी के ............ तत्व होते हैं। (छः/चार)

**उत्तर**— 1. महाफल, 2.रंग-गुलाल, 3. चार, 4. रत्नेश, 5. छः।

**प्रश्न 2. सही विकल्प का चयन कीजिये—** MPBOARDONLINE.COM

**1. मीराबाई के आराध्य रहे हैं—**

(a) राम (b) द्रोणाचार्य (c) कृष्ण (d) गणेश।

**2. 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक थे—**

(a) रामचंद्र शुक्ल (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) भारतेन्दु (d) हजारी प्रसाद द्विवेदी।

**3. 'सूखी डाली' है एक—**

(a) नाटक (b) आत्मकथा (c) एकांकी (d) कहानी।

**4. 'मित्र' शब्द का पर्यायवाची है—**

(a) आशुतोष (b) सहचर (c) महेश (d) लड़का।

**5. 'पंचवटी' शब्द में समास है—**

(a) द्विगु (b) बहुब्रीहि (c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व।

**उत्तर**— 1. (c), 2. (b), 3. (c), 4. (b), 5. (a).

**प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए—**

1. कवि ने देश का मुकुट हिमालय को कहा है।
2. 'इस नदी की धार में' एक गज़ल है।
3. खिलखिलाहटों की खनकती गूँज इन दिनों दिखाई देती है।
4. भोजनालय शब्द में व्यंजन संधि है।
5. 'अग्नि' तत्सम शब्द है।

**उत्तर**— 1. सत्य, 2.सत्य, 3. असत्य, 4. असत्य, 5. सत्य।

**प्रश्न 4. स्तम्भ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए—**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| 1. विनय के पद | (a) जीवनी |
| 2. बरखा गीत | (b) स्थिर |
| 3. योगी अरविन्द | (c) तुलसीदास |
| 4. अतिथि | (d) कविता |

3. 'सूखी डाली' एकांकी में दादा का नाम क्या है ?

4. सम्राट अशोक के सेनापति का नाम क्या था ?

5. संधि के कितने प्रकार होते हैं ?

उत्तर— 1. डॉ. प्रेम भारती, 2.श्री राम, 3. मूलराज, 4. गोपाल,, 5. तीन।

**प्रश्न 6. हमें दुराग्रह क्यों छोड़ देना चाहिये ?**

***अथवा,* इंडियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने कौन-सी पुस्तक लिखी ?**

प्रश्न 7. कलिंग की महारानी कौन थी ? वह जंजीरों से किसे बाँधना चाहती थीं ?

*अथवा,* सच्चा आनंद किसमें छिपा रहता है ?

प्रश्न 8. कहानी के तत्वों के नाम लिखिये। ( कोई चार )

*अथवा,* गद्य की प्रमुख विधाओं के नाम लिखिये। ( कोई चार )

प्रश्न 9. रेखाचित्र एवं संस्मरण में दो अंतर लिखिये।

*अथवा,* जीवनी की परिभाषा लिखिये।

प्रश्न10. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिये— ( कोई दो )

(i) आगे, (ii) आम, (iii) कान, (iv) गाँव।

*अथवा,* निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिये—

(i) आकाश, (ii) अमृत।

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विलोम शब्द लिखिये—

(i) अल्पज्ञ, (ii) उन्नति, (iii) क्रय, (iv) निंदा।

*अथवा,* निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए—

(i) स्वागत, (ii) जगदीश।

प्रश्न 12. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिये—

(i) जिसे जीता न जा सके।

(ii) जिसे देखा न जा सके।

*अथवा,* निम्न शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिये—

(i) चक्रपाणि, (ii) नवग्रह।

प्रश्न 13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिये—

(i) आँखों का तारा

(ii) खून-पसीना एक करना।

*अथवा,* अर्ध-विराम चिन्ह का प्रयोग कहाँ होता है ? उदाहरण सहित बताइये।

प्रश्न 14. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिये—

(i) नदी में कई लोगों के डूबने की आशा है।

प्रश्न 15. द्विगु समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

*अथवा,* विसर्ग संधि किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 16. कवि ने हिमालय को देश का मुकुट क्यों कहा है ?

*अथवा,* पीड़ा दुलारने वाला किसे कहा गया है ?

प्रश्न 17. नदी की धार और ठंडी हवा से क्या आशय है ?

*अथवा,* स्वागत का सुविधान से क्या आशय है ?

**प्रश्न 18.** दामन बचाना कवि को कठिन क्यों लगता है ?

***अथवा,*** स्मृतियों की आहट से क्या अनुभव होता है ?

**प्रश्न 19.** अशोक क्या प्राप्त करना चाहते थे ?

MPBOARDONLINE.COM

***अथवा,*** किसान को हितैषी क्यों कहा गया है ?

**प्रश्न 20.** हँसी का स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

***अथवा,*** सुबह जल्दी उठने से क्या लाभ होता है ?

**प्रश्न 21.** माटी वाली का चरित्र-चित्रण कीजिये।

***अथवा,*** लेखक ने 'डल झील' को कश्मीर की शान क्यों कहा है ?

**प्रश्न 22.** पृथ्वी और नारी को क्षमाशील क्यों कहा गया है ?

***अथवा,*** 'सादा जीवन उच्च विचार' का आशय समझाइये।

**प्रश्न 23.** कवयित्री ने अपनी तुलना जले हुए कोयले से क्यों की है ?

***अथवा,*** होली के आनंद में संगीत के साज कैसे बजते हैं ?

**प्रश्न 24.** निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—

पायो जी मैं तो राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, करि किरपा अपनायौ।
जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सबै खोवायौ।
खरँचे नहिं कोई चोर न लेवे, दिन-दिन बढ़त सवायौं।

***अथवा,*** मुरझाई धरती हरी हुई,
रीती गागरिया भरी हुई,
अम्बर पर बौराई बदली,
झूले पर लहराई कजली।

MPBOARDONLINE.COM

**प्रश्न 25.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिये—

मनुष्य के जीवन में आरोग्य का बहुत महत्व है। मनुष्य जीवन तभी सुखी हो सकता है जब वह निरोगी हो, जो मनुष्य निरोगी होगा वही पुरुषार्थ कर सकता है। रुग्णता में शक्ति नहीं होती। अत: शरीर को निरोगी रखना हमारा मूल धर्म है। अत: मनुष्य को शरीर को निरोगी बनाने के लिए व्यायाम और प्राणायाम प्रतिदिन करना चाहिये।

प्रश्न—(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिये।

(ii) शरीर को निरोगी कैसे रख सकते हैं ?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिये।

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

तुम धरती के पुत्र, न हिम्मत हारो,
श्रम की पूँजी से अपना काज सँवारो।
श्रम के सीपी में ही वैभव ढुलता है,
तब स्वाभिमान का दीप स्वयं जलता है।

प्रश्न—(i) प्रस्तुत पद्यांश का भाव समझाइये।

(ii) प्रस्तुत पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये।

(iii) स्वाभिमान की भावना कब जागती है ?

प्रश्न 27. अपने विद्यालय के प्राचार्य को स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिये।

*अथवा,* अपने मित्र को हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर एक बधाई-पत्र लिखिये।

प्रश्न 28. ( अ ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200-250 शब्दों में निबन्ध लिखिए—

(i) विज्ञान के बढ़ते चरण,

(ii) विद्यार्थी और अनुशासन,

(iii) पर्यावरण प्रदूषण,

(iv) जीवन में खेलों का महत्व,

(v) समय प्रबंधन।

( ब ) उपर्युक्त में से जिस विषय पर निबंध लिखा गया हो, उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध की रूपरेखा लिखिए।